संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones:0522-2668004-8,2668700-800-900Fax:91-05222668017,2668078

923

पत्रांकः पी•जी•आई•/चि•अ•/ 1949 /2021 दिनांक 15/6/ 2021

परिपत्र

कृपया परिपत्र के पीछे मुद्रित श्री अनूप कुमार, निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के अर्ध शासकीय प•सं• सी–321/दि•हज•स•वि•/दिनांक 03.06.2021 का अवलोकन करने का कष्ट करे।

जैसा कि आप सभी अवगत ही है कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियो/स्वनियोजित दिव्यांगजन तथा दिव्यांगजन के पुर्नवास हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों संगठनों विभागों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्तकार से पुरस्कृत किया जाता है। जिसकी नियमावली भी प्रदेश में प्रख्यापित है जिसमें निर्धारित श्रेणियों के पात्र आवेदकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि यदि आपके संज्ञान में संस्थान के ऐसे दिव्यांगजन हो जिन्होने इस दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य किया हो तथा जो पात्रता की श्रेणी में आते हो, तो उनके आवेदन प्रपत्र अपनी संस्तुति सहित 31 जुलाई 2021 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलबध कराने का कष्ट करें जिससे उन्हें संकलित कर सम्बन्धित विभाग को अग्रसारित किया जा सके।

इस प्रयोजन हेतु आवेदन प्रपत्र सम्बन्धित विभाग की वेबसाइट www.uphwd.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा अन्य जानकारी विभागीय हेल्पलाइन नं• 1800 180 1995 से ली जा सकती है।

कृपया इस प्रकरण को वरीयता दें।

संलग्नकः— शासकीय पत्र पृष्ठ भाग पर मुद्रित।

(प्रो• गौरव अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

प्रतिलिपिः—

1. निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ।
2. अपर निदेशक महोदया को अवलोकनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को अनुपालनार्थ।
4. विभागाध्यक्ष बी•एच•आई• को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. अतिरिक्त प्रति संकलन हेतु।

(प्रो• गौरव अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

15/6

①

M.S. OFF
P.G.I.M.S., Lucknow
8191
Time 02:45PM
11/06/2021

अनूप कुमार,
निदेशक

दूरभाष संख्याः 0522-2287267(फो0 व फै0)
अ0शा0प0सं0..C..321................/दि0ज0स0वि0/
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,उ0प्र0
नवम् तल, कक्ष सं0-939,
इन्दिरा भवन, लखनऊ

दिनांक : 03-06-2021

आदरणीय महोदय,

सादर अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों/स्वनियोजित दिव्यांगजन तथा दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संगठनों, विभागों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली–2017 प्रख्यापित है। जिसमें निर्धारित श्रेणियों के पात्र आवेदकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है पुरस्कार हेतु आवेदन निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 10 अगस्त,2021 तक निदेशालय स्तर पर उपलब्ध कराये जाने हेतु अपेक्षित है।

राज्य स्तरीय पुरस्कार की गाइड–लाईन तथा आवेदन हेतु प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.uphwd.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। विभाग के हेल्पलाइन नं0 1800 180 1995 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अतः अनुरोध है कि कृपया पात्र श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन आवश्यक अभिलेखों के साथ एक प्रति में संस्तुति के साथ निदेशालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अनूप कुमार)

निदेशक
संजय गांधी परास्नातक (नाम से)
आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ

पृ0सं0 एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार।
प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।

(अनूप कुमार)
निदेशक।

DIRECTOR'S CAMP OFFICE
Date 10/06/21
Time........
Sign........
SGPGIMS, LUCKNOW

R.S.D.N. 4118
Date 10/6/21
Time 12:30

CMS/JD(A)

Director
S.G.P.G.I.M.S., Lko.

10/6/21

A.O.
11/6
63
17/6.